# निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
# व्यावसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा प्राइवेट तौर पर आई०टी०आई० की परीक्षा देने हेतु हिमाचल प्रदेश के पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र अभ्यार्थी किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अपेक्षित दस्तावेजों सहित दिनांक 22-02-2024 तक अपना आवेदन प्रपत्र जमा करवा सकते हैं।

- **पात्रता मानदंड (Eligibility Criteria):** अभ्यार्थी पात्रता मानदंड हेतु हिमाचल प्रदेश के किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व्यक्तिगत तौर पर पता कर सकते हैं या निदेशालय तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट में उपलब्ध दिशानिर्देशों का अवलोकन कर सकते हैं, दिशानिर्देशों हेतु लिंक :
  **https://techedu.hp.gov.in/sites/default/files/Guid.%20for%20Pvt.%20Cand.%20February%202022.pdf**
- **शुल्क:** अभ्यार्थी आवेदन प्रपत्र के साथ (Rs. 500/- Demand Draft in favour of Director, Technical Education, Vocational and Industrial Training, Himachal Pradesh Payable at Sunder Nagar) निदेशक, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश के पक्ष में रुपए 500/- का डिमांड ड्राफ्ट शुल्क के रूप में लगाना सुनिश्चित करें, जो की सुंदरनगर में देय हो।

- **आवेदन प्रपत्र:** आवेदन प्रपत्र किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से व्यक्तिगत तौर पर प्राप्त कर सकते हैं या विभागीय वेबसाइट http://techedu.hp.gov.in/ से प्राप्त कर सकते हैं।

- सीटों की उपलब्धता एवं भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार पात्र अभ्यार्थियों को ही आई०टी०आई० की परीक्षा प्राइवेट तौर पर देने की अनुमति दी जायगी।

xxx
निदेशक,
तकनीकी शिक्षा,
व्यवसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण,
हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर